भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 31 MARCH 2026

# बकास की रिपोर्ट आने के 45 दिनों में शुरू होगी नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानें

## एनआईए ने रिपोर्ट के लिए किया आवेदन, जल्द मिलेगी मंजूरी

**यमुना सिटी।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण के बाद कॉमर्शियल उड़ानें शुरू होने के लिए अभी कुछ दिन इंतजार करना पड़ेगा। एयरपोर्ट पर सुरक्षा की स्थिति ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन (बकास) की एक और रिपोर्ट आनी है। रिपोर्ट आने के 45 दिनों में घरेलू उड़ानें शुरू हो सकेंगी।

नोएडा हवाई अड्डे का निर्माण करने वाली स्विस कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल ने पहले चरण में 1334 हेक्टेयर में बने एयरपोर्ट का निर्माण किया है। इसमें टर्मिनल, 3900 मीटर की हवाई पट्टी, एटीसी टावर, ढाई लाख मीट्रिक टन क्षमता का कार्गो आदि इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रियों के स्वागत और उड़ानों के लिए तैयार है। इससे पहले बकास की रिपोर्ट आनी आवश्यक है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने कार्य पूरा करने के बाद रिपोर्ट के लिए आवेदन किया है। हरी झंडी मिलने के 45 दिनों में हवाई अड्डे से इंडिगो, अकासा और एयर इंडिया अपनी उड़ानें शुरू कर देगा।

यमुना विकास प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 5 मार्च को नागरिक उड्डयन विभाग से लाइसेंस की मंजूरी मिली थी। बकास की पहली रिपोर्ट के बाद लाइसेंस जारी किया गया था। एयरपोर्ट से उड़ाने शुरू करने के लिए तेजी से काम जारी है। इसके लिए जो भी जरूरी प्रक्रियाएं हैं उन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 31 MARCH 2026

# Noida int'l airport ready for commercial ops: Tata Projects

Tata Projects on Monday announced that with all regulatory approvals secured, the Noida International Airport was now fully ready for commercial operations. The statement underscores the successful completion of the airport's construction phase, led by Tata Projects as the engineering, procurement and construction (EPC) contractor. Developed by Yamuna International Airport Private Limited, a wholly-owned subsidiary of Zurich Airport International AG, the airport is strategically located in western Uttar Pradesh and is expected to significantly strengthen aviation capacity in the national capital region. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 30 MARCH 2026

# Domestic arrival separated from departure at Raja Bhoj Airport

## Upgraded category-9 fire station, Digi Yatra inaugurated

**Our Staff Reporter**
BHOPAL

Union Civil Aviation Minister Ram Mohan Naidu Kinjarapu virtually inaugurated three facilities at Raja Bhoj Airport on Sunday, including the domestic arrival hall, an upgraded fire station and Digi Yatra. He inaugurated the facilities from Rajkot. Bhopal Mayor Malti Rai and MLA Rameshwar Sharma were present on the occasion and inaugurated the domestic arrival hall in Bhopal.

Airport Director Ramji Awasthi said with the commencement of domestic arrivals on the ground floor, the upper floor will now be used for departures.

The additional space on the upper floor will also be utilised for international arrivals and future expansion.

He said, "With the commencement of domestic arrivals, the airport now has a two-level system like metro airports. Earlier, arrivals and departures operated from the same floor, leading to congestion.



Passenger handling capacity has increased from 1,182 passengers per hour to 2,600."

He added that the domestic arrival hall is equipped with two baggage belt conveyor systems and is connected to aerobridge facilities.

Awasthi said the fire station has been upgraded from Category 7 to Category 9 in line with operations of larger aircraft such as Boeing 777. The airport currently handles 36 scheduled flights and 82 non-scheduled flights.

He said Digi Yatra was earlier in pilot mode, during which around 1.5 lakh passengers used the facility. It has now been formally inaugurated. He added that Raja Bhoj Airport is expected to have its own radar by winter.

### MLA for more flights

MLA Rameshwar Sharma has demanded more flights at Raja Bhoj Airport in Bhopal at par with Indore Airport. He was addressing the inaugural function of the domestic arrivals section at Raja Bhoj Airport on Sunday. He said, "We are told that there is low passenger load, so flights are not operated, but many times, I was denied a seat. Many times, I noticed that hardly one or two seats are vacant. We are not comparing Bhopal airport with other hi-fi international airports, but at least we can compare Raja Bhoj Airport with Indore Airport."

### Private airliner not coming to Bhopal: Director

Airport Director Ramji Awasthi said, "Private airliners are not coming to Bhopal. At present, we have seven flights to Delhi, four to Mumbai and two to Bangalore. For Pune, many parents have raised the issue. Day slots are not available. Pune Airport (PNQ) faces significant day slot constraints and potential technical interruptions due to its role as a restricted civil enclave under the IAF.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

GREATER KASHMIR SRINAGAR 30 MARCH 2026

# Srinagar Airport gets state-of-the-art facilities

## Union Minister for Civil Aviation inaugurates passenger-centric upgrades







**Shabir Ibn Yusuf**
Srinagar, Mar 29

Union Minister for Civil Aviation Rammohan Naidu Kinjarapu on Sunday virtually inaugurated a series of passenger-centric facilities at airports across India from Rajkot, marking a significant step in the government's push to modernise aviation infrastructure.

A key highlight of the nationwide inauguration was the unveiling of upgraded amenities at Srinagar Airport, where a newly extended portion of the terminal was opened to the public. The expansion includes an additional 650 square meters to the Security Hold Area (SHA), aimed at reducing congestion and improving passenger comfort during peak travel hours.

During the inauguration, the Minister also launched a suite of modern, traveler-focused services at the airport. These include seamless access to DigiYatra, enabling facial recognition-based entry and faster movement through checkpoints, as well as complimentary high-speed Wi-Fi available for up to four hours.

Another notable feature inaugurated on the occasion is the "Flybrary" initiative—a unique concept designed to enhance the travel experience by offering passengers access to books within the airport premises.

The inauguration event, held under the broader vision of Prime Minister Narendra Modi, underscores the government's emphasis on digital innovation and passenger convenience in civil aviation.

Officials said the newly inaugurated facilities at Srinagar Airport represent a major milestone in transforming it into a smart, passenger-friendly hub. With rising air traffic to and from the Kashmir Valley, the upgrades are expected to significantly improve operational efficiency while offering a smoother and more comfortable journey for travelers.

The inauguration also reflects a broader national effort to align airports with global standards through technology-driven solutions and enhanced infrastructure, reinforcing India's commitment to delivering a seamless air travel experience.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

THE INDIAN EXPRESS DELHI 31 MARCH 2026

DOMESTIC OPS TO MAJOR CITIES EXPECTED AT FIRST

# Flights from Noida airport could begin in four weeks

**Neetika Jha**
*Noida, March 30*




Noida International Airport in Jewar. FILE

THE FIRST flight from the Noida International Airport — inaugurated by Prime Minister Narendra Modi in the presence of Uttar Pradesh CM yogi Adityanath on Saturday — could take off in four weeks, a top official said.

Speaking with *The Indian Express*, Rakesh Kumar Singh, Chief Executive Officer, Noida International Airport Limited (NIAL), said, "The flights will operate within four weeks. We have already received all the security clearance. We had earlier received the aerodrome licence from the Directorate General of Civil Aviation."

Officials said that, initially, domestic flights will operate at the airport that will connect Jewar to major Indian cities, adding that several airlines have already shown interest. The details of the airlines that will operate at the airport will be made public later, said Singh.

The completion of the Airport Security Program, a comprehensive security blueprint, is pending, the NIAL CEO added. "The Yamuna International Airport Private Limited (YIAPAL) has already applied for the Airport Security Program. This will ensure that everyone working at the airport, including vendors and officials, among others, have a security clearance. This is an important step in securing the safety and security of the airport," he said.

Shailendra Bhatia, Nodal Officer, NIAL, said, "The number of flights and the destinations will be decided after getting the Airport Security Program." The airport, he added, will serve the whole northern India. "Its multimodal connectivity is unique. It will also boost the industrial and service sector around the airport," he underlined.

Earlier airport officials had told *The Indian Express* that the major cities that will be connected via the airport will be Mumbai, Bengaluru, Hyderabad, Kolkata, Goa, Pune, Lucknow and Jaipur. They said that Indigo and Akasa were among the major airlines that had shown interest in operating from the airport

According to the officials, the first phase of NIA that spans across 1,334 hectares has two entry gates, 10 boarding gates, 48 check in counters that also includes 20 self baggage drop counters.

With the capacity to cater to 12 million passengers, mainly from Western Uttar Pradesh, including Noida, Greater Noida, Agra, and Mathura, officials said that the airport will have separate counters for arrivals and departures, one lounge each for domestic and international passengers and an international carousel.

As per NIAL officials, the airport is scheduled to be completed in three phases by 2047 for which the land acquisition is still undergoing.

The first phase has been built with a cost of Rs 11,282 crore. The cost of the entire project which will consist of six runways and four terminals is estimated to be Rs 29,560 crore.

MINT DELHI 31 MARCH 2026

## 'Noida International Airport ready for commercial ops with approvals'

**New Delhi:** Tata Projects on Monday announced that with all regulatory approvals secured, the Noida International Airport is now fully ready for commercial operations. The statement underscores the successful completion of the airport's construction phase, led by Tata Projects as the engineering, procurement and construction (EPC) contractor. Tata Projects' EPC scope included construction of the terminal building, runway, airside and landside infrastructure, roads, utilities, etc. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MILLENNIUM POST DELHI 31 MARCH 2026

# Airport360 Expo 2026 focuses on aviation growth with govt support

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** Spotlight falls on India's surging air travel industry at the upcoming Airport360 Expo 2026, set for April 23-24 at Mumbai's main exhibition hub. With authorities pushing hard to widen terminal space and modernize runways across regions, the timing hits a critical point.

Though growth has been steady, fresh momentum now drives upgrades in both big cities and smaller hubs. Behind closed doors, planners are aligning timelines while juggling budgets and environmental checks. Even remote airstrips see attention as connectivity becomes priority one. While travelers face delays today, long-term shifts aim to ease congestion by decade's end. Still unanswered - how fast rules can adapt to match physical progress.



By 2030, passenger flights inside the country could hit 300 million, while plane numbers rise sharply before 2027 - fueling state-backed plans for faster economic expansion through flight networks. Over fifty fresh airports now rising show how serious these ambitions are. Put together by Media Fusion, the event gathers central players like carriers, terminal managers, and tech firms, linking their work to wider targets for transport links and structural progress.

Flying into view, the gathering should draw above 2,200 people, made up of 50 display units along with guests from over 10 nations, underlining how India gains ground in aviation reach. Instead of just meetings, it puts forward fresh thinking around airport setups, upkeep efforts, greener methods, and digital layers - sections tied deeply to official plans aiming at upgrading transit routes while improving traveler comfort.

Airport displays mirror efforts aimed at growing flight infrastructure, linking remote areas better, while helping India become central point for cargo movement. What stands out is how growth targets tie into stronger transport networks across regions.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVODAYA TIMES DELHI 31 MARCH 2026

# जेवर एयरपोर्ट : क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला बदलाव

जेवर में नया नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। यह एक विशाल परियोजना है, जिसे कई चरणों में बनाया जाएगा और इसके पूरा होने पर यह प्रति वर्ष लगभग 7 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य एन.सी.आर. की अर्थव्यवस्था को संतुलित करना है। लंबे समय से अधिकतर आर्थिक विकास दिल्ली और गुरुग्राम में केंद्रित रहा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि वहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

जेवर के पास एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित होने का अच्छा अवसर है। अपने पहले चरण में यह नया हवाई अड्डा प्रति वर्ष 1.2 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों का आवागमन संभाल सकेगा। समय के साथ, शहर के मौजूदा हवाई अड्डे के साथ मिलकर यह एन.सी.आर. को कुल 12 करोड़ से अधिक यात्रियों को संभालने में सक्षम बनाएगा, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े विमानन क्षेत्रों में से एक बन जाएगा। यह विकास नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रैसवे क्षेत्र को बढ़ने में मदद करेगा, जो अब तक गुरुग्राम की तुलना में पीछे रहा है।

आधुनिक हवाई अड्डे अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। सीधे तौर पर इनसे नौकरियां पैदा होती हैं, जैसे हवाई अड्डे पर काम करने वाले कर्मचारी। वे अप्रत्यक्ष रूप से अन्य स्थानीय व्यवसायों की भी मदद करते हैं क्योंकि हवाई अड्डे से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। वैश्विक स्तर पर, एक हवाई अड्डा और उससे जुड़े सभी व्यवसाय किसी क्षेत्र की कुल आय में 2-4 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकते हैं और जेवर हवाई अड्डे के भी अगले 10 वर्षों में इसी दिशा में बढ़ने की उम्मीद है।

अभी स्थिति यह है कि उत्तर भारत का लगभग पूरा हवाई माल दिल्ली के एयरपोर्ट से ही जाता है, जिससे वहां काफी दबाव रहता है। जेवर एयरपोर्ट इस बोझ को बांट देगा, क्योंकि यहां अपना बड़ा कार्गो टर्मिनल होगा, जो हर साल 20-30 लाख टन तक माल संभाल सकेगा। इसका सीधा फायदा लागत पर पड़ेगा। शिपिंग खर्च लगभग 10-15 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसका मतलब है कि ताजे खाद्य पदार्थ, इलैक्ट्रॉनिक्स और दवाइयों जैसी जरूरी चीजें विदेश भेजना सस्ता और आसान हो जाएगा। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एन.सी.आर. के कारोबारियों को ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में 20,000-30,000 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त वृद्धि संभव है।



तुहिन सिन्हा
(राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी)

जेवर हवाई अड्डे की असली आर्थिक ताकत उसके आसपास बनने वाले नैटवर्क में छिपी है, खासतौर पर यमुना एक्सप्रैसवे और दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरीडोर से उसकी सीधी कनैक्टिविटी में। यही कनैक्शन इस क्षेत्र को सिर्फ एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि एक बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब में बदलने वाला है। पहले से ही इस इलाके में 5,000-6,000 हैक्टेयर जमीन फैक्ट्रियों, वेयरहाऊस और लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए तय की जा चुकी है।



आने वाले 10 वर्षों में अगर यहां 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश होता है, तो इसका कुल असर 2-3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। यानी यह क्षेत्र सिर्फ खुद नहीं बढ़ेगा, बल्कि आसपास की पूरी अर्थव्यवस्था को गति देगा। जेवर का विकास पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल सकता है, जहां आज अर्थव्यवस्था मुख्यत: खेती पर निर्भर है, वहीं भविष्य में यह क्षेत्र उद्योग और लॉजिस्टिक्स का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा।

यह परियोजना अपने निर्माण चरण में ही हजारों लोगों को रोजगार दे चुकी है। जब हवाई अड्डा शुरू होगा, तो केवल पहले चरण में ही 30,000-40,000 लोगों को सीधी नौकरियां मिलेंगी। आगे चल कर, जैसे-जैसे इसका विस्तार होगा, कुल रोजगार के अवसर 1 लाख से 1.5 लाख तक पहुंच सकते हैं। सबसे बड़ा असर अप्रत्यक्ष नौकरियों में मिलने की संभावना है, जैसे लॉजिस्टिक्स, होटल, रिटेल और अन्य सेवाओं में इसका काफी लाभ मिलेगा।

इसका फायदा खासकर गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर और अलीगढ़ जैसे जिलों के लोगों को मिलेगा, जिन्हें काम के लिए दिल्ली जाने की मजबूरी कम हो जाएगी, क्योंकि उनके आसपास ही अवसर बढ़ेंगे। अल्पावधि में यह परियोजना निर्माण और निवेश को बढ़ावा देगी। मध्यम अवधि में, यहां आने वाले उद्योग क्षेत्रीय जी.डी.पी. को 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं और दीर्घावधि में, यह एन.सी.आर. को दुनिया के सबसे बड़े और विकसित आर्थिक क्षेत्रों में शामिल कर सकती है।

मोदी सरकार की दृष्टि में जेवर एक दूरदर्शी और रणनीतिक निवेश है। यह अलग-अलग क्षेत्रों के बीच विकास के अंतर को कम करेगा, भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेगा और पश्चिमी यू.पी. की छिपी हुई आर्थिक क्षमता को सामने लाएगा। यह सिर्फ एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला बदलाव है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

THE PIONEER DELHI 31 MARCH 2026

# Proposal to rename Jewar Airport as Lord Krishna Airport sent to CM Yogi

**PIONEER NEWS SERVICE**
Noida



A proposal to rename the upcoming Noida Jewar International Airport has been put forward by Professor KS Rana, Trade Commissioner, Gulf Countries Council (GCC), who has written to Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath suggesting it be called "Lord Krishna Airport, Braj Bhumi."

In his letter, Professor Rana, who has served Vice Chancellor to six private Universities at different point of time, praised the State Government's swift and forward-looking efforts in establishing the airport, noting its potential to drive economic growth, industrial development and entrepreneurial activity across Uttar Pradesh.

Rana emphasised the cultural and spiritual significance of the region, pointing out that Jewar lies within the historic Braj Bhumi, closely associated with the life and legacy of Lord Krishna.

Naming the airport accordingly, he stated it would honour this heritage while giving the region a distinctive global identity.

The proposal underscores the connection between infrastructure and cultural identity, raising questions about how modern projects can reflect historical and spiritual narratives.

The airport was inaugurated by Prime Minister Narendra Modi last week.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

SWATANTRA BHARAT | LUCKNOW | 30 MARCH 2026

# लखनऊ एयरपोर्ट पर अब मात्र 10 रुपये से मिलेंगे अल्प आहार




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उड़ान यात्री कैफे का ई-उद्घाटन किया गया । केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापुराम मोहन नायडू ने रविवार को फीताकाटकर यह सौगात हवाई यात्रियों को दी। टर्मिनल 3 के

■ **अमौसी हवाईअड्डे पर हुआ उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन**

चेक-इन होल में स्थित इस कैफे से यात्रियों को मात्र 10 रुपये में अल्प आहार व पेय पदार्थ प्राप्त होंगे। यह पहल सरकार के विमानन क्षेत्र में किफ़ायत बढ़ाने के उद्देश्य के अनुरूप है और 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) कार्यक्रम को पूरक करती है। इस अवसर पर बोलते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा 'आज उड़ान यात्री कैफे के उद्घाटन के साथ हम यात्रियों के रोज़मर्रा के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठा रहे हैं। उड़ान यात्री कैफे हवाई यात्रा को सभी के लिए आसान, सुलभ और आधुनिक भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने की हमारी सोच को दिखाता है। किफ़ायती दामों पर पानी, पेय पदार्थ, नाश्ता और मिठाइयों जैसी ज़रूरी वस्तुएँ उपलब्ध कराकर यह पहल यात्रियों की बुनियादी ज़रूरत को पूरा करती है। हमें भरोसा है कि उड़ान यात्री कैफे हर यात्री को सुविधा और किफ़ायत देगा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल यात्रियों के लिए हवाईअड्डे पर उपलब्ध सेवाओं को और अधिक सुलभ व किफायती बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उड़ान यात्री कैफे के शुरुआत के साथ, यात्री अब उन कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले अल्प आहार का आनंद ले सकते हैं जो उड़ान को और अधिक किफ़ायती बनाने के सरकार के मिशन के अनुरूप हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 30 MARCH 2026

# शहर के बीच में क्यों नहीं बनाए जाते हैं एयरपोर्ट

शहरों के बीचों बीच एयरपोर्ट क्यों नहीं बनाए जाते हैं? इस बारे में अक्सर लोग सवाल करते हैं। कई बार जब हमें फ्लाइट से सफर करना होता है तो एयरपोर्ट तक जाने के लिए शहर

## क्या है इसके पीछे की वजह

स
दूर सफर
करना होता है क्योंकि एयरपोर्ट शहर से दूर होते हैं। वहीं एयरपोर्ट के शहर से दूर होने के पीछे कई अहम तकनीकी, सुरक्षा और शहरी योजना से जुड़ी वजहें होती हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो एयरपोर्ट के लिए बड़ी जमीन, कम आबादी वाला क्षेत्र और सुरक्षित ऑपरेशन जरूरी होता है। यही कारण है कि ज्यादातर देशों में एयरपोर्ट शहर के बीच में नहीं बल्कि बाहरी हिस्सों में बनाए जाते हैं ताकि यात्रियों की सुरक्षा और फ्लाइट संचालन सही ढंग से किया जा सके।




एयरपोर्ट का शहर से दूर होने की एक बड़ी वजह जमीन की उपलब्धता है। एयरपोर्ट के लिए हजारों एकड़ जमीन की जरूरत होती है, जिसमें रनवे, टर्मिनल, पार्किंग और अन्य सुविधाएं शामिल होती हैं।

शहर के बीच इतनी बड़ी खाली जमीन मिलना लगभग मुश्किल होता है। साथ ही, इतनी जमीन का अधिग्रहण करना भी बेहद महंगा पड़ सकता है।

दूसरा मुख्य कारण सुरक्षा है। फ्लाइट के टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान किसी भी तरह का खतरा नहीं होना चाहिए। अगर एयरपोर्ट शहर के बीच में होगा, तो वह इमारतों और बिजली के तारों से टकरा सकता है। इसके अलावा आपात स्थिति में हादसे का खतरा भी ज्यादा होता है, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता है।

तीसरी मुख्य वजह है ध्वनि और पर्यावरण प्रदूषण।

एयरपोर्ट के आसपास विमान के शोर का स्तर काफी ज्यादा होता है, जो शहर के बीच रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। वहीं एयरक्राफ्ट से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण भी आसपास के वातावरण को प्रभावित करता है। इस कारण एयरपोर्ट को शहर से दूर बनाना बेहतर माना जाता है।

भविष्य की योजना भी एक अहम फैक्टर होता है। शहर लगातार फैलते हैं, वहीं एयरपोर्ट को लंबे समय तक उपयोग के लिए डिजाइन किया जाता है। शहर के बाहर एयरपोर्ट बनाने से भविष्य में विस्तार करना आसान होता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASSAM TRIBUNE GUWAHATI 30 MARCH 2026

# DGCA curbs airline seat fees

## Mandates 60% free seats from April 20

NEW DELHI, March 29: Passengers flying within India may soon find it easier to choose seats without paying extra, as airlines will be required to offer at least 60 per cent of seats free of charge from April 20 under new rules issued by the Directorate General of Civil Aviation (DGCA).

The move follows directions from the civil aviation ministry, after concerns were raised over high seat selection charges being levied by airlines.

The DGCA has issued an amended circular mandating that a majority of seats on every flight must be available without any additional fee.

Under the new rules, airlines will also have to maintain a transparent seat allocation system and clearly display the availability of free seats and related conditions on their booking platforms.

Passengers travelling on the same booking, or PNR, should also be seated close to each other as far as possible, preferably in adjacent seats.

At present, only around 20 per cent of seats are offered free, while passengers are charged for selecting the rest. Seat selection fees can range from Rs 200 to Rs 2,100, depending on factors such as seat location and extra legroom.

The new directive is expected to bring relief to passengers, especially families and groups travelling together. However, airlines have raised concerns about the financial impact of the move.

In addition to seat allocation, the DGCA has also asked airlines to clearly display charges for optional services such as carrying sports equipment or musical instruments, along with terms related to liability in case of damage.

Meanwhile, earlier this week, DGCA chief Faiz Ahmed Kidwai said that the regulator is working to make regulations easier for airlines while also protecting passenger rights.

Speaking at the Indian Chamber of Commerce Aviation and Tourism Summit here, Kidwai said the regulator is trying to strike a balance between ensuring passenger rights and helping airlines grow.

"India's aviation market is one of the fastest-growing in the world, but airlines are currently dealing with several operational hurdles," he noted. – IANS

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 31 MARCH 2026

# प. एशिया तनाव के बीच सुधर रहे भारत-चीन संबंध, कोलकाता से शंघाई के लिए सीधी उड़ान

**कोलकाता।** पश्चिम एशिया में भले ही अस्थिरता का माहौल हो लेकिन लंबे समय से भारत-चीन संबंधों में जमी बर्फ लगातार पिघल रही है।

इसी क्रम में कोलकाता और चीन के शहर शंघाई के बीच सोमवार सुबह से सीधी हवाई सेवा शुरू हो गई है। इस नई सेवा का औपचारिक शुभारंभ महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर द्वारा किया गया। दिल्ली के बाद अब कोलकाता भारत का दूसरा बड़ा शहर बन गया है, जहां से शंघाई के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं। इंडिगो और एअर इंडिया दोनों प्रमुख भारतीय एयरलाइंस ने अब भारतीय मेट्रो शहरों से शंघाई के लिए अपनी उड़ानें शुरू कर दी हैं। कोलकाता और शंघाई के बीच इस सीधे जुड़ाव से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास को काफी गति मिलने की उम्मीद है। ब्यूरो



## रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती से ठीक पहले शुरू की गई हवाई सेवा

दरअसल, कोलकाता और शंघाई का संबंध ऐतिहासिक रहा है। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने 1924 से 1929 के बीच तीन बार शंघाई की यात्रा की थी। शंघाई में उनकी दो मूर्तियां भी स्थापित हैं। यह नई हवाई सेवा अप्रैल में होने वाली रवींद्र जयंती से ठीक पहले शुरू की गई है। यह नई कनेक्टिविटी पूर्वी भारत (कोलकाता) और पूर्वी चीन (शंघाई) के लोगों को एक-दूसरे के और करीब लाएगी। इससे व्यापार, पर्यटन और आवागमन को काफी आसानी होगी।

## पहली बार 2000 में शुरू हुई थी सेवा

भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवा पहली बार अक्तूबर 2000 में शुरू हुई थी। हालांकि, 2020 में कोविड-19 महामारी और सीमा पर बढ़े तनाव के चलते इन उड़ानों को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। लगभग छह वर्षों तक दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं थी और यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट्स के जरिये यात्रा करनी पड़ रही थी। अब एक बार फिर इस सेवा के शुरू होने से दोनों देशों के बीच संपर्क और सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है। कोलकाता एक गेटवे के रूप में काम करेगा, जिससे व्यापार-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 31 MARCH 2026

## हवाई टिकट रिफंड : कंपनी की मनमानी खत्म, यात्रियों का चलेगा सिक्का!



हवाई यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। टिकट कैंसिलेशन पर डीजीसीए के नए नियम लागू हो गए हैं। अब एयरलाइन आपसे यह नहीं कह सकती कि पैसे नहीं मिलेंगे, अगली बार टिकट में एडजस्ट कर लेना। अब यह पूरी तरह आपका फैसला होगा।

- अगर आप नकद पैसा वापस चाहते हैं, तो एयरलाइन को देना होगा।
- क्रेडिट शेल या वाउचर तभी बनेगा जब आप खुद उसके लिए रजामंदी देंगे।

**एयरलाइन को टिकट पर या वेबसाइट पर साफ बताना पड़ेगा कि:**

- टिकट कैंसिल करने पर पैसा कितना और क्यों कटेगा?
- आपके हाथ में कितनी रकम आएगी?

**रिफंड मिलने की समयसीमा भी तय :**

- **क्रेडिट कार्ड से भुगतान:** 7 कार्यदिवस
- **एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल:** 14 कार्यदिवस
- **नकद भुगतान:** टिकट खरीदने वाले दफ्तर से तुरंत रिफंड मिलेगा।

BUSINESS LINE DELHI 31 MARCH 2026

## IndiGo launches Shanghai to Kolkata direct flight

**Beijing:** IndiGo airline on Monday launched its daily flight from Shanghai to Kolkata boosting the air connectivity between India and China. The IndiGo6E flight was launched by Indian Consulate General in Shanghai Pratik Mathur. Air China plans to launch a direct flight between Beijing and New Delhi on April 21, according to officials. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 31 MARCH 2026

## Akasa Air takes deliveries of six planes in Q1

**New Delhi:** Akasa Air on Monday said it has taken deliveries of six Boeing 737 MAX 8-200 planes in the first quarter of this year, taking the airline's total fleet size to 37. The airline, which started operations in August 2022, has placed orders for 226 Boeing 737 MAX aircraft and the remaining 189 planes would be joining the fleet in the next six years. The first leg of the 36th aircraft's delivery flight commenced from Seattle to Keflavik (Iceland), and concluded with the final leg from Cairo to Bengaluru. PTI

DAINIK BHASKAR DELHI 31 MARCH 2026

# फ्लाइट में गेट खोलने की कोशिश; युवक गिरफ्तार, बोला-भूत चढ़ा था

भास्कर न्यूज़ | वाराणसी





उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक युवक को विमान का दरवाजा खोलने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी अदनान ने शनिवार रात बेंगलुरु से इंडिगो की फ्लाइट 6ई 185 में यात्रा की थी। उड़ान शुरू होने के कुछ ही देर बाद उसने विमान का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन क्रू मेंबर्स ने उसे समझाकर सीट पर बैठा दिया। फ्लाइट के वाराणसी पहुंचने के बाद युवक ने दोबारा दरवाजे के पास जाकर उसे खोलने की कोशिश की, जिस पर क्रू ने तुरंत हस्तक्षेप कर उसे काबू में कर लिया। एयरलाइन की शिकायत के बाद बाबतपुर एयरपोर्ट पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने कहा कि वह पहली बार फ्लाइट में बैठा था, घबराया हुआ था और उस पर 'भूत चढ़ गया' था। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 31 MARCH 2026

# हवाई चप्पल वाले विमान में या हवाई सेवाएं जमीन पर!



राजेंद्र शर्मा

**बुनियादी सुविधाओं के मामले में आर्थिक सामर्थ्य के इस संकट का, मांग का संकट बनकर इस तरह सामने आ खड़ा होना, खासतौर पर नव-उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के अपनाए जाने का नतीजा है। जब तक बुनियादी सुविधाएं मुख्यत: सार्वजनिक क्षेत्र में थीं, तब तक चूंकि उन्हें आर्थिक लाभ कमाने की दृष्टि से संचालित नहीं किया जाता था, इन सुविधाओं की आपूर्ति की तंगी तो हो सकती थी, लेकिन उनके मांग की कमी की वजह से अनुपयोगी रह जाने का संकट नहीं हो सकता था।**

हैरानी की बात नहीं है कि हमारे उद्घाटन-वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, पांच विधानसभाई चुनावों के लिए अपने प्रचार के औपचारिक चरण के लिए दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले, एक धमाकेदार उद्घाटन करना जरूरी समझा। हम राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में निर्माणाधीन नये हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन की बात कर रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस हवाई अड्डे के निर्माण को अपने राज में तेजी से हो रही प्रगति के साक्ष्य के रूप में ही पेश नहीं किया, देश के लिए जरूरी विकास के मॉडल के तौर पर भी पेश किया, जो उनकी पार्टी के डबल इंजन राज की ही कृपा से उत्तर प्रदेश को नसीब हो रहा है। यहां ढांचागत क्षेत्र के विकास के इस मॉडल की जरा नजदीक से पड़ताल करना अप्रासंगिक नहीं होगा, जिसे बहुत से विश्लेषणकर्ता नुमाइशी (वेनिटी) विकास मॉडल मानते हैं।

स्वाभाविक रूप से शनिवार 28 मार्च के जेवर एअरपोर्ट के उद्घाटन की खबरों ने राजधानी में और खासतौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी सुर्खियां बटोरीं। आखिरकार, राजधानी से दिल्ली के वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कुछ ही 12 किलोमीटर की दूरी पर यह नया हवाई अड्डा बन रहा है, जिसे न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए हवाई यात्रा की सुगमता करने वाला बताया जा रहा था, बल्कि खबरों में तो 'देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा' कहकर भी प्रचारित किया जा रहा था। यह दूसरी बात है कि छोटे प्रिंट में दी जा रही जानकारियां, एक तरह से हाथ के हाथ इस दावे की अतिरंजना को भी उजागर कर रही थीं। सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री ने इस हवाई अड्डे के निर्माण के पहले चरण का ही उद्घाटन किया है, जिसमें कार्गो टर्मिनल तथा मरम्मत, रख-रखाव आदि से संबंधित हिस्से ही शामिल हैं। इस चरण पर करीब 11,200 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस हवाई अड्डे का निर्माण चार चरणों में, 2040 तक पूरा होना है। फिलहाल, कुछ घरेलू उड़ानों के शुरू होने की चर्चा जरूर है, लेकिन उसकी भी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गयी है। हैरानी की बात नहीं होगी कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभाई चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री एक बार फिर इस हवाई अड्डे के किसी हिस्से का उद्घाटन करने के लिए यहां लौटें।

जहां तक संबंधित परियोजना का सवाल है, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक ढांचागत परियोजना ही नहीं है बल्कि 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का नया अध्याय है। यह एअरपोर्ट उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे बनकर निवेश, व्यापार और निर्यात को नयी गति देगा।...पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा', आदि। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि इससे, 'किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।' प्रधानमंत्री ने इस परियोजना के साकार होने के लिए किसानों के 'जमीन के योगदान' के लिए आभार ही व्यक्त नहीं किया, किसानों को यह सपना भी दिखाया कि उनके कृषि उत्पाद अब वैश्विक बाजारों तक पहुंच सकेंगे! प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि यह एअरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार और अवसरों की नयी दिशा देगा। लेकिन कैसे, यह स्पष्ट करने की उन्होंने जरूरत नहीं समझी।

प्रधानमंत्री इस मौके पर गिनती को तर्क बनाने का खेल नहीं खेलते यह तो संभव ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने इसे अपने राज में उत्तर प्रदेश के तेजी से विकास कर रहे होने का पैमाना बनाया कि उत्तर प्रदेश अब पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य बन गया है। और यह भी कि मोदी के शासन संभालने से पहले, देश में कुल 74 हवाई अड्डे थे, जबकि अब तक यह संख्या बढ़कर 160 से अधिक हो चुकी है। हवाई अड्डों की संख्या और विकास के इसी समीकरण को और पुख्ता करते हुए, 28 मार्च के उद्घाटन ईवेंट से ठीक पहले, 25 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दी थी, जिसमें दस वर्ष में 100 हवाई अड्डे बनाने का ऐलान किया गया है। इस योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। अगर हवाई अड्डे बनना ही विकास का पैमाना है, तो जाहिर है कि मोदी राज में देश का बहुत तेजी से विकास हो रहा है।

लेकिन, यहीं उत्तर प्रदेश का ही एक और आंकड़ा सामने आकर खड़ा हो जाता है, जिसकी प्रधानमंत्री मोदी के हवाई क्षेत्र के विकास के दावों के जवाब में, समाजवादी पार्टी नेता, अखिलेश यादव ने याद दिलाई है। यह आंकड़ा जो वास्तव में एक आरटीआई के सरकारी जवाब में सामने आया है, यह दर्शाता है कि हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार कर, अपेक्षाकृत कम आबादी के केंद्रों को उसके दायरे में लाने के इरादे से, पिछले पांच-छ: साल में उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए खर्च कर, 7 नये हवाई अड्डे शुरू किए गए थे। लेकिन, इनमें से पूरे 6 हवाई अड्डे बंद हो चुके हैं, जहां से नियमित रूप से कोई हवाई सेवा काम ही नहीं कर रही है। इनमें आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा, कुशीनगर, चित्रकूट आदि के हवाई अड्डे शामिल हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि सैकड़ों करोड़ रुपए की लागत से और कीमती जमीन लगाकर बनाए गए हवाई अड्डे अगर हवाई यातायात का ही काम नहीं कर रहे हैं, तो उन्हें फिजूलखर्ची की निशानी भले माना जा सके, विकास की निशानी तो किसी भी तरह नहीं माना जा सकता है।

यह सिर्फ उत्तर प्रदेश की ही समस्या नहीं है। कम या ज्यादा, खासतौर पर पूरे ढांचागत क्षेत्र के विकास की यही समस्या है। चूंकि आम तौर पर यह माना जाता है कि ढांचागत सुविधाएं जितनी ज्यादा हों उतना ही बेहतर है, जोकि ऐसे विकासशील देश में स्वाभाविक भी है, जहां सुविधाओं की हमेशा तंगी रही है, यह समीकरण ढांचागत क्षेत्र में निवेश को आसानी से विकास का पर्याय बना देता है। लेकिन, इसमें यह भुला ही दिया जाता है कि हमारे समाज में इन सुविधाओं के उपयोग की सामर्थ्य कितनी है? उपयोग की समुचित सामर्थ्य के बिना बुनियादी सुविधाएं खड़ी की जाती हैं, तो उनका वही हश्र होता है जो उत्तर प्रदेश के उक्त नये हवाई अड्डों का हो रहा है। सिर्फ प्रधानमंत्री के यह कहने से कि वह 'हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करते देखना चाहते हैं', हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा नहीं करने लग जाएंगे। उल्टे ऐसे बुनियादी ढांचागत निर्माण सफेद हाथी ही साबित होते हैं, जिनका उपयोग तो कुछ नहीं है, बस जिनके रख-रखाव पर लगातार खर्चा और करना पड़ता है।

बेशक, बुनियादी सुविधाओं के मामले में आर्थिक सामर्थ्य के इस संकट का, मांग का संकट बनकर इस तरह सामने आ खड़ा होना, खासतौर पर नव-उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के अपनाए जाने का नतीजा है। जब तक बुनियादी सुविधाएं मुख्यत: सार्वजनिक क्षेत्र में थीं, तब तक चूंकि उन्हें आर्थिक लाभ कमाने की दृष्टि से संचालित नहीं किया जाता था, इन सुविधाओं की आपूर्ति की तंगी तो हो सकती थी, लेकिन उनके मांग की कमी की वजह से अनुपयोगी रह जाने का संकट नहीं हो सकता था। लेकिन, अब जबकि बुनियादी सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा निजीकरण होता जा रहा है, मांग की तंगी से इन सुविधाओं के खाली पड़े रहने का संकट इतना आम हो चुका है कि उसकी तरफ ध्यान तक नहीं जाता है। सरकारी अस्पतालों में भारी भीड़ और निजी अस्पतालों में बैडों की बड़ी संख्या का किसी भी समय खाली पड़े होना, इसी का एक उदाहरण है। एक और इससे भी ताजा उदाहरण मोदी राज में शुरू की गयी नयी वंदे भारत आदि फैंसी ट्रेनों में बढ़ती संख्या में सीटें खाली जाना और साधारण ट्रेनों में भारी भीड़ें रहना है।

यहीं से हम विकास के नुमाइशी मॉडल पर आ सकते हैं। नव-उदारवादी आर्थिक व्यवस्था के तीन दशक के बाद और खासतौर पर नरेंद्र मोदी के राज में, विकास की परिकल्पना से ही जिस तरह से आम जनता को यानी अपनी मेहनत की रोटी खाने वालों को बाहर कर दिया गया है, उसका नतीजा यह है कि जनता का जीवन सुगम बनाने में सीधे निवेश के अर्थ में विकास की जिम्मेदारी से, शासन ने छुट्टी ही प्राप्त कर ली है। ऐसे में विकास का मुख्य अर्थ तो, पूंजीपतियों द्वारा निवेश और शासन का इसके लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक संसाधन थमाना ही रह गया है। फिर भी चूंकि कारपोरेट अब भी पूरी उत्पादक अर्थव्यवस्था संभालने की स्थिति में नहीं हैं, शासन द्वारा बढ़ते पैमाने पर अपने संसाधनों का बुनियादी क्षेत्र में लगाया जाना भी इसका जरूरी हिस्सा है, क्योंकि इससे फौरी तौर पर मेहनतकशों की एक बड़ी संख्या को रोजगार मिलता है और धीरे-धीरे इन सार्वजनिक सुविधाओं को बनाकर निजी क्षेत्रों के हवाले किया जा रहा होता है।

इसी की अगली विकृति, नुमाइशी परियोजनाओं के रूप में सामने आती है, जहां विकास का प्रतीक और वास्तव में झूठी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर, ऐसी बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को थोपा जाता है, जिनका न सिर्फ आम लोगों के लिए कोई उपयोग नहीं होता है बल्कि जिनके लिए आम लोगों को, सीधे अपने हित के लिए उपलब्ध संसाधनों में कटौती के रूप में, असह्य कीमत भी चुकानी पड़ती है। नरेंद्र मोदी की बुलेट ट्रेन परियोजना, इस तरह की अकेली परियोजना नहीं है। विमानन से लेकर रेलवे तथा सड़क तक, मोदी राज की ज्यादा से ज्यादा बुनियादी सेवा विस्तार परियोजनाएं और शहरी क्षेत्र सुधार योजनाएं भी, ज्यादा से ज्यादा ऐसी नुमाइशी परियोजनाएं ही बनती जा रही हैं। यह विकास का ही अभिजातकरण है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN CHRONICLE HYDERABAD 29 MARCH 2026

# India's interests alone are govt policy, strategy, says PM Modi

## PM opens Noida airport; warns against rhetoric on war

**SHASHI BHUSHAN |DC**
NEW DELHI, MARCH 28

Urging citizens to work with dedication and unity to tackle global challenges, Prime Minister Narendra Modi on Saturday said that the government prioritises securing India's interests and safeguarding "families and farmers". Addressing a gathering at the inauguration of the Noida International Airport in Jewar, Mr Modi said achieving a "Viksit Bharat" will require unity among 1.4 billion citizens to collectively face global challenges.

Calling for collective effort and national unity in the face of global challenges, the Prime Minister said that he had spoken at length in Parliament and held detailed discussions with the chief ministers about tackling the crisis arising from the ongoing conflict in West Asia.



Prime Minister Narendra Modi with civil aviation minister Kinjarapu Ram Mohan Naidu, Uttar Pradesh chief minister Yogi Adityanath, deputy CM Keshav Prasad Maurya, governor Anandiben Patel and others during the inauguration of the Noida International Airport in Jewar, Gautam Buddha Nagar district, on Saturday. — PTI

The Prime Minister stressed that the government is committed to enhancing citizens' convenience by saving time and reducing costs. He appealed to the people to face the global impact of the war in the Gulf region with a calm mind and patience and called it the greatest strength of Indians.

In his address, Mr Modi reiterated that only "the interest of Indians and the interest of India are the policy and strategy of the government of India".

"I also want to say with insistence to all political parties of UP and the country — avoid saying such things in this kind of crisis which are harmful for the country. Whatever is in favour of Indians, whatever is in the interest of India – that alone is the policy and strategy of the government of India. Those who indulge in rhetoric for politics will get some numbers in political debate, but the people of the country never forgive actions that harm the country," Mr Modi said.

The Prime Minister mentioned that even during the corona pandemic, some people spread rumours and lies about the vaccine so that the government's work becomes difficult and the country suffers loss. "What was the result? The public rejected such politics during elections. I am fully confident that all political parties of the country will also learn a lesson from this, and they will give strength and power to the united efforts of the country," he said.

P7

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN CHRONICLE HYDERABAD 30 MARCH 2026

# 60% free seat rule from April 20: DGCA

## Airlines gear up to implement new rule

DC CORRESPONDEN
NEW DELHI, MARCH 29

Airlines will start offering at least 60 per cent of seats in a flight without levying any additional charge from April 20, as well as maintain a transparent seat allocation policy, according to aviation watchdog DGCA.

On March 18, the civil aviation ministry announced that directions have been issued to the DGCA to direct airlines to allocate a minimum of 60 per cent of seats for selection on any flight free of charge to ensure fair access for passengers.

In this regard, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) issued the amended Air Transport Circular dated March 20.

A DGCA official said the circular would come into effect from April 20.

The regulator has said that airlines should ensure at least "60 per cent of the seats in any flight shall be offered free of charge".

"Airlines should maintain transparent seat allocation policies and clearly communicate the availability of free seats and applicable conditions on their booking interfaces," as per a revised circular dated March 20.

Also, the regulator has said that passengers travelling on the same PNR (Passenger Name Record) should, as far as practicable, be allotted seats in close proximity to one another, ordinarily meaning adjacent seats in the same row.

An official said airlines are preparing to implement the new directive.

At present, 20 per cent of the seats can be booked free of charge, while the rest are paid. Generally, airlines charge ₹200 to ₹2,100 for choosing seats, depending on various factors, including front rows and extra leg room, a travel industry executive had said.

**TRANSPARENT SEAT POLICY MANDATED**

Airlines to clearly display availability of free seats and applicable conditions.

**SAME PNR SEATING RULE**
Passengers on the same booking should be allotted seats in close proximity.

**AIRLINES OPPOSE MOVE**
IndiGo, Air India, SpiceJet say rule may force fare hike



## INDIGO FLYER TRIES TO OPEN EXIT DOOR, SAYS 'POSSESSED BY GHOST'

**Varanasi, March 29:** Things turned spooky aboard an IndiGo flight on Saturday when a passenger tried to open the emergency exit door minutes before landing, later claiming he was "possessed by a ghost".

IndiGo flight 6E-185 from Bengaluru to Varanasi took off from Bengaluru around 8:15 pm, and among the passengers was a man named Mohammad Adnan, a resident of Mau district in Uttar Pradesh. Officials said just 15 minutes into the journey, Adnan attempted to tamper with the emergency door.

The cabin crew detected the attempt, were told it was a mistake and warned the passenger not to repeat the action. — *Agencies*

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN CHRONICLE HYDERABAD 30 MARCH 2026

# CIVIL AVIATION MINISTRY TALKING TO STATES ON VAT

**New Delhi, March 29:** The civil aviation ministry is exploring multiple options to minimise the impact of the West Asia conflict on airlines, including engaging with state governments to cut taxes on jet fuel.

Indian airlines' operational costs are spiralling due to surging oil prices and airspace curbs in the wake of West Asia turmoil.

Civil aviation ministry has initiated discussions with state governments on the possibility of reducing taxes on jet fuel, the source said.

Jet fuel accounts for 40 per cent of an airline's operational costs. The VAT on ATF varies from state to state. For instance, it is 25 per cent in Delhi and one per cent in UP.

Airspace restrictions are forcing carriers to take longer routes, using more fuel. *— PTI*

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 30 MARCH 2026



# 60% flight seats without addl charges from Apr 20

Airlines will start offering at least 60% of seats in a flight without levying any additional charge from April 20, as well as maintain a transparent seat allocation policy, according to aviation watchdog DGCA. In this regard, the DGCA issued the amended Air Transport Circular on March 20 and it would come into effect from April 20.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 30 MARCH 2026

# Airlines to offer at least 60% free seating from April 20: DGCA

NEW DELH, PTI

Airlines will start offering at least 60% of seats in a flight without levying any additional charge from April 20, as well as maintain a transparent seat allocation policy, according to aviation watchdog DGCA.

On March 18, the civil aviation ministry announced that directions have been issued to the DGCA to direct airlines to allocate a minimum of 60% of seats for selection on any flight free of charge to ensure fair access for passengers. In this regard, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) issued the amended Air Transport Circular dated March 20.

A DGCA official said the circular would come into effect from April 20.

The regulator has said that airlines should ensure at least "60% of the seats in any flight shall be offered free of charge".

"Airlines should maintain transparent seat allocation policies and clearly communicate the availability of free seats and applicable conditions on their booking interfaces," as per a revised circular dated March 20. Also, the regulator has said that passengers travelling on the same PNR (Passenger Name Record) should, as far as practicable, be allotted seats in close proximity to one another, ordinarily meaning adjacent seats in the same row.

An official said airlines are preparing to implement the new directive.

At present, 20% of the seats can be booked free of charge, while the rest are paid. Generally, airlines charge Rs 200 to Rs 2,100 for choosing seats, depending on various factors, including front rows and extra leg room, a travel industry executive had said.

Among other aspects, the circular has mentioned that all relevant charges for optional services relating to sports equipment or musical instruments, including any liability conditions in case of damage, should be displayed in a transparent and unambiguous manner on airline websites and booking platforms.

DGCA has said the circular will take effect 30 days from its issuance date. The move also comes against the backdrop of rising concerns that airlines are levying high charges for various services, including seat selection.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 30 MARCH 2026

# Airlines to offer at least 60% free seating from April 20: DGCA

NEW DELH, PTI

Airlines will start offering at least 60% of seats in a flight without levying any additional charge from April 20, as well as maintain a transparent seat allocation policy, according to aviation watchdog DGCA.

On March 18, the civil aviation ministry announced that directions have been issued to the DGCA to direct airlines to allocate a minimum of 60% of seats for selection on any flight free of charge to ensure fair access for passengers. In this regard, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) issued the amended Air Transport Circular dated March 20.

A DGCA official said the circular would come into effect from April 20.

The regulator has said that airlines should ensure at least "60% of the seats in any flight shall be offered free of charge".

"Airlines should maintain transparent seat allocation policies and clearly communicate the availability of free seats and applicable conditions on their booking interfaces," as per a revised circular dated March 20. Also, the regulator has said that passengers travelling on the same PNR (Passenger Name Record) should, as far as practicable, be allotted seats in close proximity to one another, ordinarily meaning adjacent seats in the same row.

An official said airlines are preparing to implement the new directive.

At present, 20% of the seats can be booked free of charge, while the rest are paid. Generally, airlines charge Rs 200 to Rs 2,100 for choosing seats, depending on various factors, including front rows and extra leg room, a travel industry executive had said.

Among other aspects, the circular has mentioned that all relevant charges for optional services relating to sports equipment or musical instruments, including any liability conditions in case of damage, should be displayed in a transparent and unambiguous manner on airline websites and booking platforms.

